प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

इस्तीफा

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्टपति के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रि परिषद के प्रति भी कृतज्ञता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सहयोग और समर्थन अमूल्य रहा है और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत कुछ सीखा है।

मौसम

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक–रूककर जारी है। बारिश के चलते जगह–जगह हुए भू–स्खलन से तीन राष्ट्रीय राजमार्गो समेत 398 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद हैं मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए मंडी जिला के तीन उपमंडलों में आज शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे।

विस्तृत ब्यौरा इस रिपोर्ट में....

लगातार हो रही मानसून की वर्षा प्रदेश के लोगों के लिए आफत बनी हुई है। राज्य में अभी भी भू स्खलन की घटनाओं से तीन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 3 सौ 98 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं जबकि 6 सौ 82 बिजली ट्रासफार्मर और 151 पेयजल योजनाएं भी बंद हैं। भारी वर्षा, ओलावृष्टि व फलेश फलड की घटनाओं में लाहौल स्पीति के काजा उपमंडल में किसानों की 90 प्रतिशत फसल भी नष्ट हो गई है। इसके अलावा किन्नौर जिला की धार्मिक व पवित्र किन्नर कैलाश यात्रा को आगामी आदेशों तक रोक दिया गया है। मौसम विभाग के भारी वर्षा के अलर्ट को देखते हुए मंडी जिले के उपमंडल थुनाग, करसोग और निहरी तहसील के तहत आने वाले सभी शैक्षणिक संस्थानों में आज अवकाश घोषित किया गया है। मानसून की भारी वर्षा से आपदा जैसी घटनाओं में अब तक मरने वालों का आंकड़ा 132 तक पहुंच गया है। जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। सरूपमा शर्मा, आकाशवाणी समाचार शिमला

सुखविंद्र / जयराम

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मौजूदा स्थिति के दृष्टिगत अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा को देखते हुए आवश्यक सेवाओं को सुचारू करने में तेजी लाई जाए। दूसरी ओर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी जिला में मानसून की इस वर्षा ने भारी तबाही मचाई है और सिराज विधानसभा क्षेत्र में लोग आपदा के 20 दिन बाद भी अस्थायी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने उन्होंने कहा कि सरकार को राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लानी होगी। इस दौरान जयराम ठाकुर ने बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करने की जरूरत पर भी बल दिया।

सीबीएसई–सीसीटीवी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपने सभी विद्यालयों में ऑडियो–विजुअल रिकॉर्डिंग वाले उच्च क्षमता के सी सी टी वी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। नए मानदंडों के अनुसार, प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों, सीढ़ियों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कैंटीनों, खेल के मैदानों और शौचालयों को छोड़कर अन्य सामान्य क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाएँगे।

कीर्तिमान

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली के अनुदेशक गिमनर सिंह ने 6 हजार 81 मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भर कर पैराग्लाइडिंग के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी ने बताया कि गिमनर सिंह ने ग्रेटर हिमालय झाँसकर पर्वतमाला शींकून ईस्ट चोटी पर ये उड़ान भरी।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से..........</u>

आज समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं चंबा में बादल फटा, घर पर चटटान गिरने से दंपति की मौत, सुंदरनगर में युवक बहा।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है मानसून सत्र में प्रदेश की आवाज बनें हिमाचल के सांसद।

आपदा प्रभावितों के लिए स्पैशल पैकेज ला सकती है राज्य सरकार शीर्षक से दैनिक भास्कर ने लिखा है प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक 24 जुलाई को।